समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# ट्रंप की टैरिफ वॉर्निंग से सहमे बाजार, सेसेंक्स 159 अंक गिरा, निफ्टी 25,500 के नीचे फिसला।

Publisher Published on 09 Jul 2025



**अमेरिकी टैरिफ के असर से दुनियाभर के बाजारों मे गिरावट, भारतीय निवेशक सतर्क।**

**मुंबई :** अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** के नए **टैरिफ वॉर्निंग** के बाद वैश्विक बाजारों में हलचल मच गई है। इसका असर **भारतीय शेयर बाजार** पर भी साफ नजर आया। बुधवार को सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बाजार गिरावट के साथ खुला। **सेसेंक्स जहां 158.94 अंक गिरकर 83,553.57** पर खुला, वहीं **निफ्टी 50 भी 41.70 अंक टूटकर 25,480.80** के स्तर पर आ गया।

**अमेरिकी टैरिफ का वैश्विक असर**

**राष्ट्रपति ट्रंप** ने साफ कर दिया है कि 1 अगस्त के बाद **टैरिफ** की समय सीमा नहीं बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा **ब्रिक्स देशों** पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के भी संकेत दिए हैं। **तांबा** और **फार्मास्युटिकल्स सेक्टर** पर भारी-भरकम **टैरिफ** लागू करने की चेतावनी से वैश्विक बाजारों में बेचैनी बढ़ गई है।

**आईटी, मेटल और बैंकिंग सेक्टर मे गिरावट**

१. **आज के कारोबार मे आईटी, मेटल और बैंकिंग सेक्टर मे गिरावट देखने को मिली।**
२. **आईसीआईसीआई बैंक : 0.88% गिरावट**
३. **टाटा स्टील : 0.86% गिरावट**
४. **एचसीएल टेक : 0.76% गिरावट**
५. **लार्सन एंड टुब्रो : 0.68% गिरावट**
६. **इन्फोसिस : 0.55% गिरावट**

**टॉप गेनर्स**

वहीं कुछ कंपनियों के शेयरों में बढ़त भी देखने को मिली:

१. **एशियन पेट्ंस : 1.70% बढ़त**

२. **हिन्दुस्तान यूनिलीवर : 1.01% बढ़त**

३. **मारुति सुजुकी : 0.52% बढ़त**

४. **टाइटन : 0.41% बढ़त**

५. **बजाज फाइनेसं : 0.40% बढ़त**

**वॉल स्ट्रीट और एशियाई बाजारों का हाल**

१. **अमेरिकी बाजारों मे मिलाजुला असर देखने को मिला** ।

२. **एसएंडपी 500:** 0.07% गिरकर 6,225.52 पर बंद

३. **नैस्डैक :** 0.03% चढ़कर 20,418.46 पर बंद

४. **डाउ जोन्स :** 0.37% गिरावट के साथ 44,240.75 पर बंद

५. **एशियाई बाजारों मे हंल्की तेजी और गिरावट का माहौल रहा** ।

६. **जापान का टॉपिक्स इंडेक्स 0.19% चढ़ा** ।

७. **दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.19% चढ़ा** ।

८. **ऑस्ट्रेलिया का ASX 200 0.59% गिरा** ।

**तांबा और फार्मा सेक्टर को झटका**

ट्रंप के ऐलान के मुताबिक **तांबा पर 50%** और **फार्मास्युटिकल्स** के आयात पर **200% तक टैरिफ** लगेगा। हालांकि **फार्मा टैरिफ** लागू करने के लिए 1 से 1.5 साल का समय दिया गया है।

**क्या कह रहे है जांनकार ?**

जियोजित इन्वेस्टमेंट के **चीफ इन्वेस्टमेटं स्ट्रैटजिस्ट डॉ. वीके विजय कुमार** ने कहा कि, "वैश्विक बाजार अभी स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं। निवेशक फिलहाल स्थिति को लेकर सतर्क हैं।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.